20 -10-2026_Layout 1 21-10-2026 00:29 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 278 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, बुधवार 21 अक्तूबर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
NURSERY, LKG & UKG
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



परविंदर सिंह झोटा के परिवार की मांग मंजूर

मान सरकार ने केस सीबीआई को सौंपने का किया ऐलान

घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झोटा के परिवार से मिलने से पहले की गई

- सीएम ने X पर पोस्ट कर परविंदर सिंह झोटा के पिता और परिवार प्रति समर्थन जताया
- सीएम मान ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ सरकार की लड़ाई निर्णायक है

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़ : पंजाब के मानसा में नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को ऐलान किया कि झोटा हत्याकांड की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई को सौंपी जाएगी। सरकार ने मृतक के परिवार की मांग को स्वीकार कर लिया है। यह घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झोटा के परिवार से मिलने से पहले की गई। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर परविंदर सिंह झोटा के पिता और परिवार के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी मांग को स्वीकार करते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा रही है।



नशे के कारोबारियों के खिलाफ लड़ाई निर्णायक है

सीएम मान ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ पंजाब सरकार की लड़ाई निर्णायक है। जो भी सख्त कदम उठाने पड़ेंगे, उनसे पीछे नहीं हटेंगे। पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए नशे के खिलाफ इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।

झोटा का अंतिम संस्कार करने से पिता का इनकार, सीबीआई जांच की बात से संतुष्ट नहीं; सुबह सीएम ने किया था ऐलान

- भीम सिंह ने कहा कि हम अभी अंतिम संस्कार नहीं करेंगे
- 8 दिन से परविंदर झोटा का शव सिविल अस्पताल में रखा

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। मानसा में नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर झोटा हत्याकांड जांच CBI करेगी। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झोटा के परिवार से मिलने से पहले ष्टरूभगवंत मान ने इसका ऐलान कर दिया। हालांकि सीएम के इस ऐलान के बाद भी झोटा का परिवार संतुष्ट नहीं है। उनके पिता भीम सिंह ने कहा कि हम अभी अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। CM और DGP के इस्तीफे के लिए अमित शाह से बात करेंगे। सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया (X) पर पोस्ट करते हुए कहा कि परिवार की मांग को स्वीकार करते हुए, हम यह केस सीबीआई को सौंप रहे हैं। नशे के सौदागरों के खिलाफ हमारी लड़ाई आर-पार की है। पंजाब को नशा मुक्त करने के लिए हमें जो भी सख्त कदम उठाना पड़ा, हम पीछे नहीं हटेंगे।



परिवार ने अंतिम संस्कार से भी किया इनकार

मेडिकल स्टोर पर नशा बेचने का विरोध करने पर 13 अक्टूबर को केमिस्ट अश्विनी कुमार ने परविंदर झोटा की गोली कर हत्या कर दी थी। परिवार मामले की ष्टछ्ठ जांच पर अड़ा हुआ था। 8 दिन से झोटा का शव सिविल अस्पताल में रखा है। परिवार ने अंतिम संस्कार से भी इनकार कर दिया।

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
CORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

मैंने कभी कांग्रेस छोड़ने की बात नहीं की, पंजाब कांग्रेस छोड़ने की चर्चाओं पर नवजोत कौर सिद्धू ने दी सफाई

पंजाब कांग्रेस के भीतर चल रही राजनीतिक चर्चाओं के बीच अहम माना जा रहा बयाना

- डॉ. नवजोत कौर सिद्धू और बेटी राबिया सिद्धू चमरंग रोड झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंचीं

जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। पंजाब कांग्रेस की राजनीति के बीच नवजोत कौर सिद्धू ने अमृतसर में पार्टी छोड़ने की चर्चाओं पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी कांग्रेस छोड़ने की बात नहीं कही। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और पूर्व पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल का जिक्र करते हुए नवजोत कौर ने कहा कि कांग्रेस छोड़ने की बात इन नेताओं की ओर से कही गई थी। उनके इस बयान को पंजाब कांग्रेस के भीतर चल रही राजनीतिक चर्चाओं के बीच अहम माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू का जन्मदिन अमृतसर में मनाया गया। इस मौके पर उनकी पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू और बेटी राबिया सिद्धू चमरंग रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंचीं। उन्होंने गरीब परिवारों के साथ समय बिताया और जरूरी सामान बांटा।



पद की लालसा नहीं, लोगों की सेवा उद्देश्य : डॉ. नवजोत कौर

मीडिया से बातचीत में डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कहा कि उन्हें विधायक, सांसद या मुख्यमंत्री बनने की कोई लालसा नहीं है। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि अमृतसर पूर्वी हलके के हर परिवार और बच्चे के साथ उनका भावनात्मक और पारिवारिक रिश्ता है। वह राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के दुख-सुख में उनके साथ खड़ी रहना चाहती हैं और जब तक सांसें चलेंगी, लोगों की सेवा करती रहेंगी।

ईमानदार लोगों को राजनीति में आना चाहिए : राबिया सिद्धू

सिद्धू की राजनीति में वापसी पर उन्होंने कहा कि यह सही या गलत समय से ज्यादा व्यक्ति की सोच और नजरिए पर निर्भर करता है। उनके पिता का उद्देश्य हमेशा लोगों की भलाई और समाज की सेवा करना रहा है। राबिया ने कहा कि राजनीति में वास्तव में ईमानदार लोगों को आगे आना चाहिए, न कि केवल ईमानदारी का दिखावा करने वालों को। पिछले साल की तरह इस बार भी परिवार ने लोगों के बीच आकर जन्मदिन मनाया।

बीजेपी और कांग्रेस शासित राज्यों से पंजाब आ रहे हैं केमिकल ड्रग्स: हरपाल चीमा

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को दावा किया कि पंजाब में केमिकल ड्रग्स नहीं बनाए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध केमिकल पदार्थों और प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं की सप्लाई मुख्य रूप से बीजेपी और कांग्रेस शासित राज्यों से आ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब दौरे से पहले चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, चीमा ने अन्य राज्यों से नशीले पदार्थों की कथित सप्लाई के खिलाफ केंद्र की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने यह भी पूछा कि कुछ दवाओं और केमिकलों को लेकर पंजाब की ओर से की गई सख्त नियमन (रेगुलेशन) की मांग पर केंद्र ने क्या कदम उठाए हैं। प्रीगाबालिन (pregabalin) और मेथनॉल का जिक्र करते हुए, चीमा ने दावा किया कि ऐसे पदार्थों की सप्लाई करने वाली निर्माण इकाइयां गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में चल रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से गुजरात के अहमदाबाद और हिमाचल प्रदेश के बद्दी का नाम लिया। संगरूर और मजीठा की घटनाओं का हवाला देते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि उन मामलों में इस्तेमाल हुआ मेथनॉल फरीदाबाद से आया था। उन्होंने बताया कि पंजाब ने इन मामलों से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है और उनके मालिकों को गिरफ्तार किया है। चीमा ने सवाल किया कि पंजाब के बाहर मौजूद इन पदार्थों के स्रोतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। पंजाब ने दवाओं और केमिकलों के लिए सख्त नियमन की मांग की चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार ने केंद्र को कई पत्र लिखकर उन दवाओं और केमिकलों की बिक्री और वितरण पर सख्त नियंत्रण की मांग की है, जिनका कथित तौर पर नशे के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और उन्होंने (जब वे आबकारी मंत्री थे) केंद्र से आग्रह किया था कि मेथनॉल सहित इन पदार्थों को %नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस% (NDPS) एक्ट के दायरे में लाया जाए, ताकि इनकी अवैध बिक्री (ऑनलाइन माध्यमों सहित) पर रोक लगाई जा सके। चीमा के अनुसार, राज्य को इन पत्रों का कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सप्लाई चेन को नियंत्रित करने और पंजाब के बाहर से आने वाले इन पदार्थों को राज्य में पहुंचने से रोकने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सख्त हस्तक्षेप जरूरी है। नशा-विरोधी अभियान के तहत 80,000 से ज़्यादा गिरफ्तारियां होने का दावा राज्य सरकार के नशा-विरोधी अभियान का ज़िक्र करते हुए, चीमा ने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने 'युद्ध नशियां विरुद्ध' (नशे के खिलाफ युद्ध) अभियान के तहत कार्रवाई को और तेज़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राज्य की कार्रवाई के तहत, NDPS एक्ट के अंतर्गत 80,000 से ज़्यादा गिरफ्तारियां की गई हैं।



कनाडा में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत

रॉन्ग साइड से कार ने मारी टक्कर, 3 पंजाबी युवक घायल

- मृतक की पहचान करनाल के जसकीरत सिंह के रूप में हुई है
- हादसे में तीन अन्य पंजाबी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं

जालंधर सिटी लाइव

कनाडा में हुए रोड एक्सीडेंट में हरियाणा के 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि पंजाब के 3 युवक घायल होने की सूचना है। हादसा ब्रिटिश-कोलंबिया के हाईवे-5 पर हुआ। प्रारंभिक जानकारी है कि नशे में धुत एक ड्राइवर ने रॉन्ग साइड कार दौड़ते हुए भारतीय युवकों की कार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान करनाल के गांव रत्तक निवासी जसकीरत सिंह के रूप में हुई।



नशे में धुत ड्राइवर की गिरफ्तारी

जसकीरत के शव की पहचान उसके माता-पिता ने की है। हादसे में तीन अन्य पंजाबी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनकी पहचान अभी सामने नहीं आई है। हादसा शनिवार सुबह हुआ। जसकीरत सिंह के पार्थिव शरीर को भारत में उसके माता-पिता के पास भेजने और घायलों की मदद के लिए दोस्तों और परिजनों ने 'GoFundMe' पर सहायता की अपील की है। वहीं पुलिस ने नशे में धुत ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

पंजाब-चंडीगढ़ में दिन में गर्मी बरकरार, सुबह-रात बढ़ेगी ठंड; तापमान में 0.3 डिग्री की गिरावट

- बठिंडा में सबसे अधिक 33.2एष्ट तापमान दर्ज किया गया
- पंजाब और चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत में बनी हुई है गर्मी

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ में मंगलवार को मौसम ड्राई रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। यह अब सामान्य के करीब पहुंच गया है। बठिंडा में सबसे अधिक 33.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब और चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत में दिन के समय गर्मी बनी हुई है, जबकि सुबह और रात के समय तापमान में गिरावट से ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। ऐसे में दिन और रात के मौसम में अंतर महसूस हो रहा है। हिमाचल प्रदेश और उससे सटे पंजाब के ऊपर करीब 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसके साथ वायुमंडल के ऊपरी हिस्से में करीब 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी हवा का एक क्षेत्र बना हुआ है। हालांकि, मौसम विभाग ने पंजाब और चंडीगढ़ के लिए 20 से 26 अक्टूबर तक कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की है।



ठंड बढ़ने से बिजली की मांग में कमी

सुबह के समय मौसम ठंडा होने से पंजाब में बिजली की खपत भी कम होने लगी है। पहले राज्य में बिजली की मांग 13 से 15 हजार मेगावाट तक पहुंच रही थी, लेकिन अब यह घटकर करीब 7 हजार मेगावाट रह गई है। मंगलवार सुबह बिजली की मांग 6,992 मेगावाट दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में 4,521 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था, जबकि बाहर से 2,462 मेगावाट बिजली ली जा रही थी।

20 -10-2026_Layout 1 21-10-2026 00:29 Page 2

जालंधर में फूड सेफ्टी विंग की चेकिंग; चना बर्फी, नमकीन और फैनियों के सैंपल भरे

- विभिन्न इलाकों में बड़ा चेकिंग अभियान चलाया गया
- स्वीट शॉप्स, रेस्टोरेंट व नमकीन इकाइयों में दबिश

दशहरे पर बिकने से पहले 50 किलो बासी पेठा पकड़ा

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः खाद्य सुरक्षा विंग जालंधर ने आगामी त्योहारों के सीजन को देखते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में बड़ा चेकिंग अभियान चलाया। विभाग की टीम ने क्षेत्र की प्रसिद्ध स्वीट शॉप्स, रेस्टोरेंटों और नमकीन बनाने वाली इकाइयों में दबिश दी। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान लोगों तक शुद्ध फूड प्रोडक्ट पहुंचाना है। जालंधर में दशहरा पर बिकने से पहले 50 किलो पेठा नष्ट करवाया गया। जांच के दौरान टीम ने मकसूदां, मिट्ठू बस्ती, नगरा गांव और महावीर मार्ग स्थित दुकानों में चेकिंग की। इस दौरान टीम ने संदिग्ध खाद्य पदार्थों के 5 सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। लिए गए सैंपलों में 2 पेठा, 1 चना बर्फी, 1 नमकीन और 1 फैनियां शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान स्वच्छता में खामी पाए जाने पर विभाग ने 2 खाद्य कारोबारियों को सुधार नोटिस जारी किए।

फूड सेफ्टी एक्ट तहत कार्रवाई की जाएगी

सहायक आयुक्त (खाद्य) राजेंद्र पाल सिंह ने सभी कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे फूड सेफ्टी एक्ट के सभी मानकों और साफ-सफाई का पालन करें। उन्होंने कहा कि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ फूड सेफ्टी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन के दौरान यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जालंधर में गर्लफ्रेंड के घर में घुसकर मारा चाकू, मां को भी किया घायल, 6 महीने पहले दुबई से लौटा था

- लोग उसे पकड़ने के लिए दौड़े तो छत से लड़खड़ाकर गिर गया
- पुलिस ने युवक का शव जालंधर के सिविल अस्पताल पहुंचाया

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर में एक युवक ने युवती के घर जाकर उसे चाकू मार दिया। युवती को बचाने आई उसकी मां के भी बाजू में एक चाकू मारा। इसके बाद जब लोग उसे पकड़ने के लिए दौड़े तो वह छत से लेकर गिर गया, जिसके बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवक का शव जालंधर के सिविल अस्पताल पहुंचाया। चश्मदीदों का कहना है कि युवक जहर निगलकर युवती के घर पहुंचा था। उसने आते ही हमला कर युवती और उसकी मां को घायल किया। अंत में खुद गिर पे ा और मर गया। वहीं, युवती और उसकी मां का इलाज भी सिविल अस्पताल में चल रहा है। लोगों के अनुसार, युवक करीब 6 महीने पहले दुबई से लौटा था। वह उस युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती और उसके परिजन इनकार कर रहे थे। इसलिए, युवक ने यह हमला किया। हालांकि, पुलिस सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

एसीपी बोले-आरोपी के परिजन से पूछताछ कर रहे

मौके पर जांच के लिए ACP करनैल सिंह ने बतयाा कि गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के परिजनों से पूछताछ चल रही है।

- शादी करना चाहता था मगर युवती और परिजन मना कर रहे थे
- हालांकि, पुलिस सही कारणों का पता लगाने को जांच कर रही

मानसा में बड़ी वारदातः डीसी के गनमैन ने परिवार को गोली मार किया सुसाइड, एक बेटे की मौत; पत्नी-बेटा गंभीर

पुलिसकर्मी ने पत्नी और दो बेटों को मारी गोली, दो की मौत

- पंजाब के मानसा में मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की घटना
- खुद के साथ अपनी पत्नी और दो बेटों को भी गोली मार दी
- एक बेटे की मौत हो गई और पत्नी और दूसरा बेटा घायल हैं
- गुरविंदर सिंह मानसा के डिप्टी कमिश्नर का गनमैन तैनात था

जालंधर सिटी लाइव



मानसा में मंगलवार सुबह डिप्टी कमिश्नर के गनमैन ने अपनी पत्नी और दो बेटों को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली लगने से एक बेटे की मौत हो गई, वहीं उसकी पत्नी और दूसरा बेटा जख्मी है। घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें रेफर किया गया है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पत्नी और दूसरा बेटा इलाज के लिए रैफर

सभी को इलाज के लिए मानसा के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पुलिसकर्मी गुरविंदर सिंह और उसके बेटे जोत की मौत हो गई। गंभीर हालत के चलते पत्नी हरप्रीत कौर और दूसरे बेटे दिलशान को आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। गुरविंदर सिंह मानसा के डिप्टी कमिश्नर के गनमैन के रूप में तैनात था।

श्री दरबार साहिब में नतमस्तक हुए आयुष्मान खुराना और सारा अली खान, 'उड़ता तीर' की सफलता के लिए की अरदास

जालंधर सिटी लाइव



अमृतसर। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी आने वाली फिल्म %उड़ता तीर% के सिलसिले में अमृतसर पहुंचे, जहां दोनों कलाकारों ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका और सरबत के भले की अरदास की। बता दें कि सिख धर्म में सरबत के भले का मतलब सभी लोगों की सुख-शांति और खुशहाली की कामना करना है। इस दौरान आयुष्मान ने गोल्डन टेंपल से अपने जुड़ाव के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह पहले भी दो बार गोल्डन टेंपल आ चुके हैं। यहां आकर उन्हें हर बार सुकून और अच्छा महसूस होता है। दोनों कलाकारों ने %उड़ता तीर% की सफलता के लिए अरदास की। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म %उड़ता तीर% एक स्पाई कॉमेडी है। फिल्म में जासूसी, एक्शन, कॉमेडी और रोमांस देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी बिलाल अहमद नाम के एक पाकिस्तानी जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक सीक्रेट मिशन के तहत भारत भेजा जाता है। बिलाल का मिशन उस समय मुश्किल हो जाता है, जब एक हादसे में उसकी याददाश्त चली जाती है। इसके बाद वह अपनी पहचान भूल जाता है और उसे लगने लगता है कि वह भारतीय है। कहानी में कॉमेडी का असली तड़का इसी उलझन से शुरू होता है। एक तरफ बिलाल को अपनी पुरानी जिंदगी के बारे में कुछ याद नहीं रहता, वहीं दूसरी तरफ वह खुद को भारत का रक्षक समझने लगता है। ट्रेलर में आयुष्मान खुराना को हाथ में तिरंगा लेकर %भारत माता की जय% के नारे लगाते हुए भी दिखाया गया है। एक पाकिस्तानी जासूस का इस तरह भारतीय होने पर गर्व करना कहानी को दिलचस्प बनाता है। सारा अली खान भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रही हैं। ट्रेलर में उनका किरदार देश की सुरक्षा से जुड़े मिशन पर नजर आता है। वह जासूसों को पकड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन कहानी में बिलाल के साथ उनका रिश्ता भी एक नया मोड़ लेकर आता है। फिल्म में राम कपूर और गुलशन ग्रोवर भी नजर आएंगे। दोनों कलाकार पाकिस्तानी अधिकारियों के किरदार निभा रहे हैं। इनके अलावा राहुल बोस, सुहेल नय्यर, रघुबीर यादव, बृजेंद्र काला, संदीप आनंद, सुप्रिया पिलगांवकर, स्मिता तांबे और दिवंगत अभिनेता मुकुल देव भी फिल्म का हिस्सा हैं।

मोहाली में सरकारी ठेकेदार ने किया सुसाइड, लाइसेंसी पिस्टल से खुद को मारी गोली मौत

मोहाली। मोहाली के खरड़ में सरकारी ठेकेदार (57) ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश खून से लथपथ घर के बेडरूम में बेड के पास फर्श पर पड़ी मिली। ठेकेदार 5 बेटियों का पिता था। मृतक की पहचान शरणजीत सिंह के नाम से हुई है, जो पत्नी और एक बेटे की मौत के बाद अपने पिता के साथ रहते थे। लेकिन घटना के वक्त घर पर वह अकेले ही थे। पिता के मुताबिक, पत्नी की मौत के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे और उन्होंने सरकारी ठेके लेने का काम भी छोड़ दिया था। जांच अधिकारी एएसआई दलजीत सिंह के अनुसार, पुलिस ने जांच की। खरड़ के छज्जू माजरा स्थित मॉडल टाउन में रहने वाला सरकारी ठेकेदार शरणजीत सिंह (57) अपने पिता छिंदर सिंह और पांच बेटियों के साथ रहता था। उसकी सबसे छोटी बेटी की उम्र महज 3 साल है। पिता 73 वर्षीय सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार हैं। शरणजीत सिंह की पत्नी डॉ. सुखदीप कौर की साल 2025 में मौत हो गई थी। पिता के अनुसार, पत्नी की मौत के बाद वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। इसके बाद उसने सरकारी ठेके लेने का काम छोड़ दिया था। उसके एक अन्य बेटे अमनजीत सिंह की भी साल 2018 में मौत हो गई थी।





20 -10-2026_Layout 1 21-10-2026 00:29 Page 3

तरनतारन में करोड़ों के नशे समेत तस्कर अरेस्ट

NCB-BSF के जॉइंट ऑपरेशन में मिली सफलता

- सीमावर्ती इलाकों में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान तेज
- 5 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए जाने की जानकारी

जालंधर सिटी लाइव



तरनतारन। तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (BSF) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) ने सीमावर्ती इलाकों में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह संयुक्त ऑपरेशन के दौरान राजोके गांव से एक व्यक्ति को 5 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की पहचान राजोके गांव निवासी लखविंदर सिंह के रूप में हुई है। हालांकि, गिरफ्तारी और हेरोइन की बरामदगी को लेकर अभी तक किसी अधिकारी की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले पिछले सप्ताह भी BSF और NCB ने संयुक्त कार्रवाई की थी। उस दौरान एंटी-ड्रोन सिस्टम में तैनात हेड कांस्टेबल करण वीर सिंह को 15 किलो और 10 किलो हेरोइन की खेप के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मौजूदा कार्रवाई को पिछली गिरफ्तारी के बाद अहम माना जा रहा है।

गिरफ्तार हेड कांस्टेबल से हो सकता है कनेक्शन

सूत्रों का दावा है कि गिरफ्तार हेड कांस्टेबल करण वीर सिंह के लखविंदर सिंह से संभावित संबंध हो सकते हैं। जांच एजेंसियां पड़ताल कर रही हैं। हालांकि, दोनों के बीच संबंधों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच के बाद ही कथित नेटवर्क और नशा तस्करी में भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

नकोदर में हथियार के बल पर बुजुर्ग से नकदी-मोबाइल की स्नेचिंग, जान से मारने की धमकी देकर फरार

- आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास

जालंधर सिटी लाइव

400 रुपए नकदी, स्मार्टफोन और एटीएम कार्ड छीनकर भागे



जालंधर/जतिनः जालंधर जिले के नकोदर में 2 अज्ञात बदमाशों ने तेजधार हथियार दिखाकर 78 वर्षीय बुजुर्ग से नकदी, मोबाइल और एटीएम कार्ड लूट लिया। आरोपियों ने बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी भी दी। नकोदर सिटी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। नकोदर की स्टाफ वाली गली निवासी मुनीश कुमार रत्ती ने बताया कि 13 अक्टूबर को वह रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने तेजधार हथियार दिखाकर उन्हें डराया और जान से मारने की धमकी दी।

केस दर्ज, संदिग्धों का सुराग जुटाने में लगी पुलिस

घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। नकोदर सिटी पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्धों का सुराग जुटाने में लगी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पठानकोट के थाना धार कलां का एसएचओ रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, दशहरे के मौके पर विजिलेंस की कार्रवाई

- 2.5 लाख की पहली किस्त के रूप में 1 लाख की रिश्वत ली
- आरोपी एलआईसी से सेवानिवृत्त, मैनेजर की शिकायत पर एक्शन
- रेस्तरां कर्मचारी कृष्णा व तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी
- शिकायतकर्ता का नाम भी संदिग्ध के तौर पर दर्ज किया था
- नाम हटाने के लिए 5,00,000 रुपये की रिश्वत की मांग की

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़ : राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान, पठानकोट के थाना धार कलां का एसएचओ गुलशन कुमार रिश्वत लेने के मामले में पकड़ा गया है। विजीलेंस ब्यूरों ने यह कार्रवाई दशहरे के मौके पर की है। इंस्पेक्टर गुलशन कुमार ने 2.5 लाख की रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 1 लाख की रिश्वत ली। उक्त आरोपी अमृतसर के एलआईसी से सेवानिवृत्त था। यह गिरफ्तारी मैनेजर की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जिला पठानकोट के गांव ढांगू सरा स्थित उसके छोटे भाई के रेस्टोरेंट मधुबन में झगड़ा हो गया था। घटना में दोनों पक्षों को मामूली चोटें आई और धार कलां पुलिस स्टेशन में रेस्तरां कर्मचारी कृष्णा और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायतकर्ता का नाम बतौर संदिग्ध दर्ज

इस मामले में शिकायतकर्ता का नाम भी संदिग्ध के तौर पर दर्ज किया गया था. आरोपी इंस्पेक्टर गुलशन कुमार, स.।ह, पुलिस स्टेशन धार कलां ने शिकायतकर्ता का नाम मामले से हटाने के लिए 5,00,000 रुपये की रिश्वत की मांग की।

श्री राम कथामृत के प्रचार-प्रसार हेतु स्वामी सज्जनानन्द जी ने सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा और तरुण खन्ना से की विशेष मुलाकात

'हर घर राम, हर हृदय राम' के संदेश के साथ जालंधर में 22 से 28 नवंबर तक होगा भव्य श्री राम कथामृत का आयोजन

जालंधर सिटी लाइव





जालंधर, मंगलवार। भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और प्रभु श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एवं समूह जालंधर निवासियों के सहयोग से जालंधर में भव्य स्तर पर श्री राम कथामृत का आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री राम कथामृत का आयोजन 22 नवंबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक साईं दास स्कूल ग्राउंड, जालंधर में किया जाएगा। इस दौरान विश्वविख्यात कथावाचिका साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी प्रभु श्री राम आधारित श्री राम कथा का भावपूर्ण वाचन करेंगी। श्री राम कथामृत के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों तक इस पावन आयोजन का निमंत्रण पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी सज्जनानन्द जी ने सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा और तरुण खन्ना से विशेष मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान स्वामी सज्जनानन्द जी ने उन्हें जालंधर में आयोजित होने जा रही श्री राम कथामृत की विस्तृत जानकारी दी तथा इस आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। इस भेंट का उद्देश्य श्री राम कथा के संदेश को व्यापक स्तर पर जनमानस तक पहुंचाना तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। श्री राम भारतीय संस्कृति में मर्यादा, सत्य, त्याग, प्रेम, करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन प्रत्येक व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

'हर घर राम, हर हृदय राम' – आध्यात्मिक जागरण का संदेश

स्वामी सज्जनानन्द जी द्वारा सुप्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा और तरुण खन्ना को दिया गया निमंत्रण भी इसी आध्यात्मिक संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के प्रयास का हिस्सा है। श्री राम कथामृत के माध्यम से जालंधर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम की महिमा का श्रवण करने और उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।





20 -10-2026_Layout 1 21-10-2026 00:29 Page 4

भव्य डांडिया नाइट में बीट्स और परंपरा के साथ जीवंत हो उठा केएमवी

जालंधर। कन्या महा विद्यालय (स्वायत्त) के हॉस्टल में अत्यधिक उत्साह, उत्सव के उल्लास और गहरी धार्मिक भक्ति के साथ एक भव्य और रंगारंग 'डांडिया नाइट' का आयोजन किया गया। पूरा हॉस्टल परिसर पारंपरिक संगीत, ऊर्जावान नृत्य कदमों और उत्सवी भव्यता से गूंज उठा, जहाँ छात्राएँ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए जीवंत पारंपरिक परिधानों में एकत्रित हुई।

इस शुभ अवसर पर केएमवी की निदेशक डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत हॉस्टल की छात्राओं द्वारा तैयार की गई शानदार प्रस्तुतियों की श्रृंखला के साथ एक खुशनुमा माहौल में हुई। बहुप्रतिभाशाली छात्राओं के एक समूह—जिसमें रिपू दमन, रुही, अपराजिता, सिमरन, अक्षिता, आरती, सुखप्रीत, मिक्षा, मनवीर, सूक्ष्म और उजाला शामिल थीं—ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से पूरे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।











कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

- भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ (भजन, लोक एवं डांडिया नृत्य, इंटरैक्टिव खेल)
- निधि शर्मा और रिया शर्मा द्वारा सफल संचालन व मंच संचालन
- सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से आध्यात्मिक समापन
- मुख्य अतिथि डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार व उपहार वितरण
- डॉ. नीरज शर्मा (संस्कृत विभागाध्यक्ष) और डॉ. संदीप गिल भी रहे उपस्थित

> "इस अवसर पर डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि हमारी छात्राएँ आधुनिक कलात्मक मनोरंजन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं।"

दशहरा हमें बुराई पर विजय पाने और समाज में सकारात्मकता फैलाने की प्रेरणा देता है: नितिन कोहली

- जालंधर भर में दशहरा समारोहों में शामिल होकर निवासियों को दीं त्योहार की शुभकामनाएं, पंजाब की प्रगति, खुशहाली और सांप्रदायिक सद्भाव का आह्वान किया

जालंधर सिटी लाइव





जालंधर। आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल हलका इंचार्ज नितिन कोहली ने दशहरे के अवसर पर निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सत्य, धर्म, सामाजिक सद्भाव तथा सामूहिक प्रगति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को बुराई पर विजय पाने, सकारात्मकता को बढ़ावा देने तथा समाज में भाईचारे और आपसी सम्मान के मूल्यों को मजबूत करने की याद दिलाता है। नितिन कोहली मंगलवार को जालंधर भर में आयोजित विभिन्न दशहरा समारोहों में शामिल हुए और निवासियों के साथ त्योहार की खुशियों में भाग लिया। शहर में कई स्थानों पर समारोह निर्धारित किए गए थे, जिनमें आदर्श नगर मार्केट (चोपाटी), गीता मंदिर के पीछे पुराना दशहरा ग्राउंड, पुलिस डिवीजन नंबर 1 के सामने का क्षेत्र, हिंद समाचार ग्राउंड, लाडोवाली रोड पर कीर्ति नगर, जालंधर कैंटोनमेंट, लधेवाली, न्यू बेअंत नगर, सूर्या एन्क्लेव और गुरु नानक पुरा सहित अन्य क्षेत्र शामिल थे। नितिन कोहली ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, झूठ पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का शाश्वत संदेश देता है। भगवान श्री राम का जीवन और उनके आदर्श लोगों को धर्म, अनुशासन, कर्तव्य और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि दशहरे का महत्व रावण के पुतले के प्रतीकात्मक दहन से कहीं अधिक है। यह अवसर लोगों को अपने आचरण पर विचार करने और अहंकार, क्रोध, घृणा तथा असहिष्णुता जैसे नकारात्मक गुणों पर विजय पाने का संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में इन मूल्यों को अपनाने से अधिक शांतिपूर्ण और सम्मानजनक समाज का निर्माण करने में मदद मिल सकती है। पंजाब के विकास के बारे में बात करते हुए कोहली ने कहा कि राज्य के पास मेहनत, साहस, सेवा और भाईचारे की समृद्ध विरासत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य की प्रगति और जनकल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विकास के साथ शांति, सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सद्भाव भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करना, लोगों के कल्याण में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक नागरिक पंजाब की प्रगति में योगदान दे सके, सभी की साझा जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से एक मजबूत और अधिक समृद्ध राज्य का निर्माण किया जा सकता है। कोहली ने आगे कहा कि त्योहार भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर लोगों को एक साथ लाते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की ताकत उसके लोगों की एकता, मेहनत और आपसी सम्मान में निहित है। आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और प्रगतिशील पंजाब के निर्माण हेतु इन मूल्यों को संरक्षित रखना आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने निवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि दशहरा उनके जीवन में नई सकारात्मकता और आशा लेकर आएगा। उन्होंने लोगों से सत्य और अच्छाई के मार्ग पर चलने, भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने और बेहतर समाज तथा मजबूत पंजाब के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से काम करने का आग्रह किया।


जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.



जय श्री राम दशहरा उत्सव कमेटी की ओर से बस्ती गुजां में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरे का त्योहार: सुखमिंदर सिंह राजपाल

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर: पवित्र त्योहार दशहरे के शुभ अवसर पर जय श्री राम दशहरा उत्सव कमेटी की ओर से 120 फुटी रोड, वीर बारवेन्की चौक के नजदीक, बस्ती गुजां में दशहरा उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह में शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता सुखमिंदर सिंह राजपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर सुखमिंदर सिंह राजपाल और दशहरा उत्सव कमेटी के सदस्यों द्वारा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया और समारोह में पहुंचे लोगों ने उत्साह के साथ दशहरे का त्योहार मनाया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सुखमिंदर सिंह राजपाल ने कहा कि दशहरे का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भगवान श्री राम जी ने रावण का अंत करके सत्य, धर्म और नेकी की जीत का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि हमें इस पवित्र त्योहार से शिक्षा लेते हुए अपने भीतर मौजूद बुराइयों, नफरत, ईर्ष्या और गलत सोच को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की बुराइयों को दूर करेगा और दूसरों की मदद के लिए आगे आएगा, तभी एक अच्छे और खुशहाल समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। राजपाल ने कहा कि हमें आपसी भाईचारे, प्रेम, सद्भावना और एकता को मजबूत करना चाहिए तथा समाज की बेहतरी के लिए मिल-जुलकर काम करना चाहिए। उन्होंने समस्त पंजाबवासियों को दशहरे के पवित्र त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह त्योहार हर किसी के जीवन में खुशहाली, शांति और तरक्की लेकर आए। अंत में उन्होंने सभी लोगों से सत्य और नेकी के मार्ग पर चलने तथा बुराइयों को त्यागकर समाज की भलाई के लिए योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर दशहरा उत्सव कमेटी के प्रधान मुकेश दत्ता, मनोहर लाल भगत, राकेश अरोड़ा और अशोक मलिक सहित अन्य सदस्यों द्वारा सुखमिंदर सिंह राजपाल और सर्कल प्रधान अमनदीप सिंह बाजवा को सम्मानित किया गया।

